भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता (स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत नियोजन)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत नियोजन के पद पर भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- राज्यों में कार्यक्रम प्रबंध में आईपीएचएस और स्वास्थ्य प्रणाली दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में सहयोग करना; विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति का अध्ययन करना, कार्यक्रम प्रबंध संबंधी मुद्दों का विश्लेषण करना और समस्या समाधान में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित शर्तों के मूल्यांकन हेतु किए गए डेटा विश्लेषण करना।
- राज्यों की प्रगति रिपोर्ट का मसौदा तैयार करने एवं उसे अंतिम रूप देने में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सहयोग करना।
- राज्यों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम प्रबंध गतिविधियों और व्यय के विश्लेषण में सहयोग करना।
- योजना एवं बजट तैयार करने की प्रक्रिया के सरलीकरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सहयोग करना; नियोजन प्रक्रिया को अधिक साक्ष्य आधारित और मजबूत बनाने के लिए साक्ष्य एकत्र करना;
- पीआईपी सॉफ्टवेयर के प्रयोग, आरंभ एवं बेहतर कार्यान्वयन के लिए राज्य/जिलों के साथ दैनिक आधार पर समन्वय करना;
- विशेषकर एसपीएमयू/डीपीएमयू और बीपीएमयू के लिए क्षमता वर्धन प्रयासों में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने से संबंधित क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं एवं अनुभवः

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक वर्ष के योग्यता उपरांत अनुभव सहित स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता के साथ एमबीबीएस।

अथवा

- अन्य गैर–एमबीबीएस अभ्यर्थियों के मामले में दो वर्षों का सुसंगत कार्य अनुभव के साथ जन स्वास्थ्य, अस्पताल प्रबंध, सांख्यिकी, नर्सिंग या सुसंगत क्षेत्र में स्नातकोत्तर योग्यताधारी अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं।

- नियोजन, विशेषकर राज्य/जिला/ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में कार्य अनुभव/दक्षता को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों, एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेज तलाशने के लिए वेब सर्फिंग के उच्च स्तरीय ज्ञान के साथ कंप्यूटर प्रवीणता।
- उच्च स्तरीय लेखन कौशल।
- टीम में कार्य करने की योग्यता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और कार्यों को समय सीमा में संपन्न करने के लिए एक साथ कई कार्य करने की योग्यता।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या सुसंगत क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को औपचारिक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच
योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उचित पारिश्रमिक तय किया जाएगा।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **2nd June** 2019 तक recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।